पंचायत आम निर्वाचन, 2021

**अत्यावश्यक**

# राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार
# STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

सत्यमेव जयते

पत्र संख्या- पं०नि० 30-240/2021 - 3964

प्रेषक,

विशेष कार्य पदाधिकारी,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला दण्डाधिकारी-सह-
जिल निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)।

पटना, दिनांक - 15.9.21

**विषय : पंचायतों एवं ग्राम कचहरी का निर्वाचन, 2021 – वज्रगृह एवं मतगणना केन्द्र की स्थापना संबंधी प्रस्ताव पर अनुमोदन।**

**प्रसंग : आयोग का पत्रांक 3351 दिनांक 28.08.2021**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्र के आलोक जिलों से प्राप्त बज्रगृह एवं मतगणना केन्द्र संबंधी प्रस्ताव पर आयोग द्वारा अनुमोदन/स्वीकृति दी जाती है। साथ ही वज्रगृह एवं मतगणना केन्द्र के संबंध में आयोग द्वारा निम्नांकित निदेश दिये गये हैं –

1. जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत) इस बात पर स्वयं संतुष्ट हो लें कि वह अभ्यर्थियों के लिए सुविधाजनक हो।
2. बज्रगृह पक्के मकान में अवस्थित है या नहीं इसकी जाँच करा लें।
3. वज्रगृह एवं मतगणना केन्द्र एक ही परिसर में अवस्थित हो।
4. वज्रगृह से मतगणना हॉल तक पदवार ई.वी.एम. एवं मतपेटी आदि ले जाने में किसी प्रकार का भ्रम उत्पन्न नहीं होने पाये। साथ ही ब्रजगृह एवं मतगणना केन्द्र यथासंभव एक दूसरे के आसपास हो ताकि बज्रगृह से पदवार ई.वी.एम. एवं मतपेटिकाओं को मतगणना केन्द्र पर ले जाने में कोई कठिनाई नहीं हो।
5. वज्रगृह/मतगणना केन्द्र परिसर में आवश्यक व्यवस्था यथा– सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, शौचालय , विद्युतीकरण एवं इंटरनेट नेटवर्क कनेक्टिवीटी सुनिश्चित की जाय।
6. मतगणना केन्द्र से संबंधित नक्शा (Map) नमूना के तौर पर संलग्न किये गये हैं, के अनुसार वज्रगृह एवं मतगणना केन्द्र योजना संबंधी नक्शा आयोग को दिनांक 20.09.2021 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जाय।

अनुरोध है कि तदनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाय तथा तत्संबंधी निदेश से सभी संबंधित को अवगत कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

15/09/21

विशेष कार्य पदाधिकारी।

Sone Bhawan, Third Floor, Birchand Patel Marg, Patna - 800 001 Phone : 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax : 0612 - 2507847 E-mail : secbihar@gmailcom

D:\pm5\P_E_Sanchalan_21/197

15.9.21

ज्ञापांक - पं0नि0 30-240/2021 –3969 पटना, दिनांक –15.9.2021

प्रतिलिपि, आई.टी. मैनेजर को आयोग के वेबसाईट पर पत्र अपलोड कराने हेतु प्रेषित।

15/09/21

विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक - पं0नि0 30-240/2021 –3969 पटना, दिनांक –15.09.2021

प्रतिलिपि, सभी प्रमंडलीय आयुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/09/21

विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक - पं0नि0 30-240/2021 –3969 पटना, दिनांक –15.09.2021

प्रतिलिपि, प्रधान सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/09/21

विशेष कार्य पदाधिकारी।

# BIHAR PANCHAYAT ELECTION 2021

## LINE PLAN FOR THE STRONG ROOM AND COUNTING HALL AT NALANDA COLLEGE,BIHAR SHARIF

